इंदौर से लापता युवक की ग्वालियर में संदिग्ध मौत

थाने के सामने तड़प-तड़पकर तोड़ा दम, सिस्टम पर उठे गंभीर सवाल

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 19 फरवरी। मध्यप्रदेश की न्यायधानी ग्वालियर में एक बार फिर मानवता और पुलिसिंग व्यवस्था शर्मसार हुई है। इंदौर से बीते कई दिनों से लापता एक युवक की ग्वालियर के गोले का मंदिर थाने के ठीक सामने संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त प्रमोद सिसोदिया (40 वर्ष), पिता भैरू सिसोदिया, निवासी इंदौर के रूप में हुई है। प्रमोद की मौत ने ग्वालियर पुलिस और आपातकालीन सेवाओं की पोल खोल कर रख दी है। अब देखना यह है कि परिजनों के आने के बाद इस मामले में क्या खुलासे होते हैं और क्या लापरवाही बरतने वालों पर कोई कार्रवाई होगी।

गणेश समाधिया संकट में आए आगे

इंदौर से ग्वालियर तक का 'संदेहास्पद' सफर

जानकारी के अनुसार, प्रमोद सिसोदिया बीती 14 तारीख से इंदौर से लापता थे, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट वहां के स्थानीय थाने में दर्ज कराई गई थी। सवाल यह खड़ा हो रहा है कि आखिर मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रमोद इंदौर से ग्वालियर कैसे पहुँचा। क्या वह खुद आया या उसे यहाँ छोड़ दिया गया? यह अभी जांच का विषय है।

मदद के लिए तड़पता रहा, लेकिन नहीं पसीजा सिस्टम

गुरुवार को ग्वालियर में बारिश और कड़ाके की ठंड के बीच प्रमोद गोले का मंदिर थाने के सामने घायल अवस्था में पड़ा रहा। स्थानीय समाजसेवी गणेश समाधिया ने जब उन्हें देखा, तो तुरंत कंबल और कपड़ों का इंतजाम किया और 108 एम्बुलेंस व पुलिस को बार-बार कॉल किए। गणेश का कहना हैं कि ?थाने के सामने होने के बावजूद पुलिस समय पर सक्रिय नहीं हुई। 108 एम्बुलेंस को कई कॉल किए गए, लेकिन बारिश या अन्य बहानों के चलते एम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुँची।

परिजनों का इंतजार, शव पीएम हाउस में

मौत के काफी देर बाद डायल 112 मौके पर पहुँची और शव को अपने साथ ले गई। युवक के पास मिले दस्तावेजों से उसकी पहचान प्रमोद सिसोदिया के रूप में हुई। पुलिस ने इंदौर स्थित उनके परिजनों को सूचित कर दिया है, जो आज शाम तक ग्वालियर पहुँचेंगे।

समाज और प्रशासन पर सवाल जो खड़े हुए...

कानूनी पचड़ों के डर से राहगीर तमाशबीन बने रहे और अंततः प्रमोद की सांसें उखड़ गईं। प्रमोद की मौत कई गंभीर सवाल खड़े कर गई, कौन है इस मौत का जिम्मेदार क्या पुलिस और एम्बुलेंस की संवेदनहीनता ने एक और जान ले ली? यदि प्रशासन तत्परता दिखाता, तो क्या प्रमोद की जान बच सकती थी। एक गुमशुदा युवक दूसरे शहर की पुलिस की नाक के नीचे दम तोड़ देता है, क्या यह सिस्टम की विफलता नहीं है।

निगमायुक्त पहुंचे आईएसबीटी, अफसरों को फटकार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 फरवरी। वार्ड क्र. 63 एवं 64 के अंतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय द्वारा किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री संजीव गुप्ता, उपायुक्त रजनीश गुप्ता, उपयंत्री अजय शर्मा, क्षेत्राधिकारी शिल्पा दिनकर, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी विवेक त्यागी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत वार्ड क्र. 63 एवं 64 में निरीक्षण किया तथा

निरीक्षण के दौरान आई.एस.बी.टी बस स्टैंड के पीछे चैम्बर छतिग्रस्त होने से ओवरफ्लो हो रहे पानी के स्थान को देखा तथा उक्त समस्या के शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इसके बाद ट्रांसपोर्ट नगर में चल रहे सी.सी. सडक निर्माण कार्य को देखा एवं ट्रांसपोर्ट नगर में जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही कटारिया ट्रांसपोर्ट के पास नाला चौक होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को नाले की सफाई के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही जगह जगह गंदगी मिलने पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देशित किया कि मुख्य मार्गों पर सफाई प्रतिदिन समय पर की जाए। साथ ही अन्य स्थानों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

विधानसभा घेराव की तैयारी में जुटी कांग्रेस

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 फरवरी। कांग्रेस भवन, शिंदे की छावनी पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेंद्र यादव की अध्यक्षता में ब्लॉक अध्यक्षों एवं ब्लॉक प्रभारियों की महत्वपूर्ण और रणनीतिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी ब्लॉक अध्यक्षों नें नवनियुक्त संगठन महामंत्री इब्राहिम पठान का फूल माला से स्वागत किया। बैठक में आगामी 24 फरवरी को भोपाल में प्रस्तावित विधानसभा घेराव तथा आज 20 फरवरी को ब्लॉक स्तर पर पुतला दहन कार्यक्रम को लेकर व्यापक चर्चा करते हुए अंतिम रूप दिया गया। 24 फरवरी को विधानसभा घेराव में कांग्रेस जनो की ऐतिहासिक भागीदारी के लिए विधानसभा प्रभारी बनाए गए है जिसमें ग्वालियर विधानसभा में राजू भदौरिया, 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा में राकेश अग्रवाल एवं ग्वालियर दक्षिण विधानसभा में विजय कुशवाह को प्रभारी बनाया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारें लगातार किसान, मजदूर, युवा और गरीब विरोधी फैसले लेकर जनता की कमर तोड़ने में लगी हैं। उन्होंने कहा कि आज ब्लॉक स्तर पर शाम 4 बजे पुतला दहन कर भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। तथा 24 फरवरी को प्रातः 11 बजे, जवाहर चौक, भोपाल में होने वाले विधानसभा घेराव में ग्वालियर से भारी संख्या में कांग्रेसजन पहुंचकर सरकार को जनता की ताकत का अहसास कराएंगे।

आज शाम सरकार का पुतला दहन होगा

महाराज बाड़ा से अतिक्रमण हटाया

ग्वालियर 19 फरवरी। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार एवं नोडल अधिकारी केशव सिंह चौहान के निर्देशन में दक्षिण विधानसभा अंतर्गत नजरबाग मार्केट, सुभाष मार्केट, टाउन हॉल एवं टोपी बाजार पर यातायात अवरुद्ध कर रहें हाथ ठेले एवं फुटपाथियों को हटाया जाकर सामान जप्ती की कार्रवाई की गई।

IN THE COURT OF III CIVIL JUDGE CLASS-I, DISTRICT COURT, GWALIOR

Presiding Officer: सक्षम नरूला

आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु

Process ID-208/2024 (COMMS/0000004/2021) पेशी दिनांक: 05/03/2026

केनरा बैंक .....वादी

vs

भारत सिंह पहाड़िया.....प्रतिवादी

प्रेषिती- (1) भारत सिंह पहाड़िया पिता स्व. श्री भगवान सिंह पता- प्लाट क्र. 5 एल 5 महालक्ष्मी नगर वार्ड नं. 6, ग्राम सहानपुर ग्वालियर व प्रेम नगर चार शहर का नाका शर्मा फार्म हाउस रोड पी एच ई कॉलोनी ग्वालियर, जी.डी.ए. कॉम्पलेक्स सिटी सेंटर ग्वालियर

यह कि प्रार्थी **केनरा बैंक** ने आपके विरुद्ध के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के **30 दिवस** के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख **13 फरवरी 2026** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

न्यायाधीश, (सक्षम नरूला) तृतीय व्यवहार वरिष्ठ खण्ड, ग्वालियर (म.प्र.)

नोट: यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

TATA POWER RENEWABLE ENERGY

Communication address: 78, Electronic City Phase-1, Hosur road, Bangalore - 560100,
Registered office: Tata Power Corporate office, 34, Sant Tukaram Road, Carnac Bunder, Mumbai-400009
CIN: U40108MH2007PLC168314, Tel 91 22 6717 1000

NOTICE INVITING VENDORS FOR EMPANELMENT

Tata Power Renewable Energy Ltd. (TPREL) Invites for submission of registrations from interested and eligible Vendors for the following Works required for its Renewable Projects across India.

S.No.	Solar Project Services	S.No.	Wind Project Services
1	MMS Pile Foundation Works	1	WTG Foundation Works
2	Main Control Room Buildings	2	Main Control Room Buildings
3	Equipment Foundation Works (ICR/IDT/BESS)	3	Balance of Plant including ROW
4	Approach, Internal and Peripheral Road Works	4	33kV Transmission line services contracts
5	Plant Drainage Works	5	Transmission Line
6	Boundary Fencing Works	6	Switchyard Works
7	Switchyard Works	7	EPC/Turnkey works for complete wind projects including all approvals but excluding WTG and Land
8	Transmission Line		
9	Earthing Works		
10	AC Side Electrical Works		
11	DC Side Electrical Works & Earthing works		
12	EPC/Turnkey Works for complete Solar package including all approvals but excluding all major supply		

Interested bidders for above service works are requested to submit required credentials as per Pre-Qualification (PQ) Criteria set for individual services before **15:00 Hrs. Sunday, 15th March 2026.**

For detailed Notice Inviting Vendors for Empanelment, please visit Tender section on website **https://www.tatapower.com** For detailed Service-wise PQs and requisite documents to be submitted, please visit Tender section on website, **RFQ Reference no. 4100060940.**

Also, all future corrigendum's if any, to the said Notice will be published on Tender section of above website **(Tata Power > Business Associates > Tender Documents)** only.

नवभारत

आवश्यकता है

पद की योग्यता

देश के अनेक राज्यों से प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के ग्वालियर संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।

रिपोर्टर
(2 वर्ष का अनुभव एवं स्नातक)

डीटीपी ऑपरेटर
(5 वर्ष का अनुभव एवं कोरल ड्रा अनिवार्य)

सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव
(2 वर्ष का अनुभव एवं बीए/बी.कॉम)

नोट- स्वयं का वाहन और कम्प्यूटर में दक्षता अनिवार्य।

संपर्क करें

कार्यालय - नवभारत प्रेस, एस.पी ऑफिस के सामने, सिटी सेंटर, ग्वालियर
(सुबह 11 से शाम 6 बजे तक)

9479319990
navabharatgwalior@gmail.com

सार्वजनिक सूचना

जनता को सूचित करता है कि **महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (MMFSL)** की 1,583 गाड़ियों (पूरी लिस्ट वेबसाइट लिंक: कस्टमर डिस्क्लोजर महिंद्रा फाइनेंस पर उपलब्ध है) को MMFSL ने पोर्टल (eDIIG) और ऑफलाइन मोड के जरिए नीलाम किया था और अभी वे महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स लिमिटेड **(MFCWL)** ("गाड़ियां") के अलग-अलग यार्ड में पार्क हैं। इसलिए, MFCWL को देने वाले पार्किंग चार्ज, वापस ली गई/नीलाम की गई गाड़ियों की पार्किंग की तारीख से जमा हो रहे हैं। नीलामी के बावजूद, खरीदार MMFSL से गाड़ियों का कब्जा लेने में नाकाम रहे हैं, इन वजहों से, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- नीलामी के हिसाब से पूरी रकम का पेमेंट न करना
- पार्किंग चार्ज का पेमेंट न करना
- पेमेंट के बाद भी डिलीवरी न लेना
- खरीदार की डेथ या अन्य आकस्मिकताएं

इसलिए, गाड़ी या उसके किसी हिस्से के टाइटल (मालिक होने) का दावा करने वाले सभी संबंधित खरीदारों से कहा जाता है कि वे इस नोटिस की तारीख से 15 (पंद्रह) दिनों के अंदर अपनी गाड़ी का कब्जा ले लें। इसके लिए वे गाड़ी की नीलामी के लिए पूरी रकम (अगर लागू हो) और पार्किंग चार्ज और उबूस को देय कोई भी दूसरी रकम का पेमेंट नीचे दिए गए दस्तावेज जमा करके करें:

- पेमेंट का प्रूफ और जरूरी डॉक्यूमेंट
- सेल्फ-आइडेंटिफिकेशन झल्ब (आधार, पैन, वगैरह)
- MMFSL. द्वारा मांगे गए गाड़ी के टाइटल से जुड़े डॉक्यूमेंट
- MFCWL को पार्किंग चार्ज के पेमेंट की रसीद

ऊपर बताए गए सभी क्लेम और डॉक्यूमेंट यहां बताई गई टाइमलाइन के अंदर उउंसि को जमा करने होंगे।

अगर तय समय के अंदर ऊपर दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है, तो **MMFSL** बिना किसी और नोटिस के उन गाड़ियों या उनके किसी हिस्से को फिर से नीलाम करने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करेगा और उसके बाद उन लोगों का किसी भी गाड़ी पर कोई अधिकार और/या मालिकाना हक नहीं होगा।

ऐसी दोबारा नीलामी से होने वाली कमाई को पहले यार्ड पार्किंग चार्ज और उबूस या किसी तीसरे पक्ष को देने वाले दूसरे बकाए के लिए इस्तेमाल किया जाएगा और उसके बाद गाड़ी के संबंध में MFCWL को देने वाले किसी भी बकाया रकम के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। कोई भी सरप्लस रकम डॉक्यूमेंट्री प्रूफ मिलने और उउंसि या उसके प्रतिनिधियों द्वारा पूरी जांच-पड़ताल के बाद असली मालिक को वापस कर दी जाएगी। किसी भी कमी के मामले में, उसे संबंधित व्यक्ति/व्यक्तियों से वसूला जाएगा।

ऊपर बताए गए तय समय के बाद, किसी भी हालत में कोई भी क्लेम स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी पत्र-व्यवहार **Prafull.Ruke1@mahindrafinance.com** पर करें, विषयः लंबे समय से खड़ी गाड़ी

महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की ओर से

तनाव और समय प्रबंधन पर विद्यार्थियों को दिए टिप्स

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 19 फरवरी। राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय में आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस विद्यार्थियों के लिए व्यक्तित्व विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संचार कौशल, तनाव प्रबंधन और समय प्रबंधन जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

कम्युनिकेयर ट्रेनिंग एंड कंटेंट सॉल्यूशन के विशेषज्ञ श्री संजीव राणे एवं श्री कुशल राउत ने विद्यार्थियों को प्रभावी संवाद की तकनीक, कार्यस्थल पर तनाव को नियंत्रित करने के उपाय तथा समय का सुनियोजित उपयोग करने के व्यावहारिक सूत्र बताए। उन्होंने कहा कि केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सफल करियर के लिए व्यवहारिक दक्षता और आत्मविश्वास भी अत्यंत आवश्यक है।

यह कार्यक्रम विशेष रूप से अनुसूचित जाति वर्ग के स्नातक, स्नातकोत्तर तथा डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि वे अपनी उपाधि के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास पर भी समान ध्यान दें, ताकि प्रतिस्पर्धी परिवेश में स्वयं को बेहतर ढंग से स्थापित कर सकें। वक्ताओं ने उदाहरणों और गतिविधियों के माध्यम से विषयों को सरल और सहज रूप में समझाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता डॉ. वाई. पी. सिंह ने की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता विकसित करने में सहायक होते हैं। इस अवसर पर डॉ. एच. एल. खपेडिया, डॉ. मनोज कुमार तरवरिया, डॉ. देवेंद्र कुमार इनवाती, डॉ. दीपक वर्मा, डॉ. रविंद्र सोलंकी तथा हरिमोहन जाटव सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों से परिचित कर उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना था।

नो सिंगल यूज प्लास्टिक का संदेश देने तपोवन में चला विशेष अभियान

तपोवन की दीवार पर तपोवन का मुख्य द्वार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 19 फरवरी। सामाजिक वानिकी वृत्त ग्वालियर के अंतर्गत आने वाली तपोवन रोपणी में बुधवार को रंगों ने प्रकृति का उत्सव रच दिया।

नगर निगम और वन विभाग की ओर से आयोजित हरित तपोवन वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में करीब 50 कलाकारों ने हिस्सा लिया। इस रचनात्मक पहल में दीवारों पर वन्य जीवों और हरियाली की मनमोहक आकृतियां उकेरी गईं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएफओ मीणा अवधेश कुमार शिवकुमार ने कहा कि कला ही सम्मान दिलाती है। इसके बाद सभी कलाकारों को वन विभाग की तरफ से प्रोत्साहन राशि और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस दौरान यहां वन संपदा के बीच इन सुंदर कलाकृतियां ने सभी का मन मोह लिया. वन विभाग की टीम द्वारा यहां आए सभी कलाकारों का विशेष सम्मान भी किया गया. कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुरेश कुमार अहिरवार (सहायक वनसंरक्षक), देवेंद्र निम (कंसलटेंट नगर निगम ग्वालियर), नवीन राणा (कंसलटेंट नगर निगम ग्वालियर) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन विशेष कर्तव्य अधिकारी श्रीमती शैलजा ठाकुर के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

निगम परिषद की बैठक आज

ग्वालियर 19 फरवरी। नगर निगम परिषद का विशेष अभियाचित सम्मेलन का आयोजन आज शुक्रवार 20 फरवरी को दोपहर 03 बजे से सभापति मनोज सिंह तोमर की अध्यक्षता में जल विहार परिषद सभागार में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में कई बिन्दुओं पर चर्चा होगी।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95